सं०स०–16 / एम.1–68 / 2025

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

उपेन्द्र राम,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार(ले० एवं हक०),
बिहार, पटना।

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग,
बिहार, पटना–800015

पटना, दिनांक–

विषयः– **पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी जिला में कार्यरत नवनियुक्त यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापन की प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि का विनियमन के संबंध** मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विज्ञापन सख्या 08 / 2020 के अंतर्गत बिहार तकनीकी सेवा आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना संख्या–305(आ.चि) दिनांक–14.03.2024 द्वारा यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी को पूर्णत औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए 15 दिनों का चिकित्सीय प्रशिक्षण / जानकारी लेने हेतु विभिन्न जिलों मे पदस्थापित किया गया।

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने तथा भारत निर्वाचन आयोग से सहमति नही मिलने के कारण आदर्श आचार संहिता के समापन के उपरांत स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना स0–743(आ.चि.) दिनांक–19.07.2024 द्वारा यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी को विभिन्न चिकित्सीय संस्थानों यथा अनुमंडलीय अस्पताल / सदर अस्पताल / अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो / जिला संयुक्त औषधालयों / राजकीय औषधालयो / आयुष कॉलेज अस्पतालो में पदस्थापित किया गया, जिसके आलोक मे सभी यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी योगदान देकर कार्यरत हैं। इस प्रकार सभी यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी सिविल सर्जन कार्यालय में अनिवार्य पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे, जिसमे उनका कोई दोष नही है।

अत: निम्नांकित नवनियुक्त यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा पदस्थापन की प्रतीक्षा मे बितायी गयी अवधि (कॉलम–4) को निम्नरूपेण विनियमित किया जाता है –

क्र० सं०	पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम	वर्तमान पदस्थापन स्थल	अवधि जिनका विनियमन किया जाना है।	अवकाश उपभोग की सूचना	यदि वेतन पुर्जा निर्गत हो गया है, तो वेतन पुर्जा संख्या	यदि वेतन पुर्जा निर्गत नहीं हुआ है तो PRAN/ GPF संख्या	सेवा विनियमन के प्रकार

11/02/2026

1	2	3	4	5	6	7	8
1	डा० अरशी निगार, यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी	अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शेखपुरवा (पकड़ीदयाल), पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी	दिनाक– 15 03.2024 से 20 07 2024 तक 128 दिन	–	08012525059689	–	पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि
2	डा० शकीला नसरीन, यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी	अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, इब्राहिमपुर बाजार, पहाडपुर, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी	दिनांक– 18.03.2024 से 20.07 2024 तक 125 दिन	–	16112425056100	–	पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि
3	डा० जावेद इकबाल, यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी	राजकीय यूनानी औषधालय, भवानीपुर, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी	दिनांक–18 03.2024 से 22.07 2024 तक 127 दिन	–	18112425056421	–	पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि

उक्त अवधि में उनकी कोटि का वेतन देय होगा।

प्रस्ताव में आतरिक वित्तीय सलाहकार एव सक्षम प्राधिकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–16/एम.1–68/2025–266 (आ.प्रि.) **पटना, दिनांक**–12.2.2026

प्रतिलिपि:–सिविल सर्जन, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/ सबंधित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/संबंधित सभी यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

11/02/2026

सरकार के अवर सचिव

Manisha